वर्ष-01, अंक- 123
छपरा
शनिवार 2 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## दबंगों द्वारा जेसीबी से दुकान तोड़ने के मामले में 10 नामजद सहित 40 अज्ञात पर प्राथमिकी

**सिवान।** महाराजगंज शहर के पुरानी बाजार में गुरुवार की सुबह नंदकिशोर प्रसाद की दवा एवं हार्डवेयर दुकान सहित तीन दुकानों को तोड़े जाने के खिलाफ पीड़ित नंदकिशोर प्रसाद की पत्नी किरण कुमारी ने 10 नामजद सहित 40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. थाना में दिये आवेदन में कहा है कि दरौंदा थाना क्षेत्र के सवान विग्रह गांव निवासी स्व. नवनाथ सिंह के पुत्र धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ कृष्णा सिंह तथा अखिलेश सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ कृष्णा सिंह पत्नी मामता सिंह, स्व. गौतम सिंह के पुत्र मन्नू सिंह, महाराजगंज थाना क्षेत्र के तक्कीपुर गांव निवासी मनोज सिंह के पुत्र राहुल सिंह, सिंहौता निवासी विजय सिंह के पुत्र रंजन सिंह, भाउछपरा गांव निवासी उमाशंकर सिंह के पुत्र अभय सिंह, मोतीहारी थाना क्षेत्र के केसरिया निवासी भरत प्रसाद के पुत्र संजय जयसवाल, महाराजगंज थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी स्व. उमाशंकर प्रसाद के पुत्र बली प्रसाद तथा सिंहौता बाजार निवासी स्व. विजय प्रसाद के पुत्र शैलेश प्रसाद उर्फ पिट्टू सहित 40 अज्ञात रायफल, पिस्टल से लैस होकर तथा तीन जेसीबी लेकर आए और गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगे. साथ ही जेसीबी से दुकान जमींदोज कर दिया.इस संबंध में थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने कहा कि पीड़ित पुरानी बाजार निवासी नंदकिशोर प्रसाद की पत्नी किरण कुमारी के आवेदन पर महाराजगंज थाना कांड संख्या 59/24 दर्ज कर ली गई है. पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

## यूपी से शराब लेकर आ रहा युवक धराया

**सिवान।** मैरवा पुलिस ने शुक्रवार को धरनी छापर चेकपोस्ट से वाहन जांच के दौरान एक बाइक सवार को अटैची में छुपाकर रखे शराब के साथ गिरफ्तार किया है.जांच के दौरान दो अटैची से 8 पीएम अंग्रेजी शराब 155 पीस बरामद किया गया. पुलिस ने इस मामले में एक बिहार नम्बर की बाइक को जप्त कर लिया है.गिरफ्तार तस्कर की पहचान सीवान के तरवारा थाना क्षेत्र के रामप्रवेश तिवारी का पुत्र रमन तिवारी के रुप में हुई. पुलिस ने बताया कि शराब को अटैची में छुपाकर मैरवा के रास्ते सीवान लेकर जाने के दौरान धरनी छापर चेकपोस्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है.

## शादी से खाना खाकर लौट रहे युवक को मारा चाकू, रेफर

**सिवान।** दरौंदा थाना क्षेत्र के खडसरा गांव में मनचले ने शादी से खाना खाकर घर लौट रहे एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया. इस संबंध में पीड़ित खडसरा गांव निवासी श्री भगवान पासवान का लड़का पियूष कुमार पासवान ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई क मांग किया है. कहा है कि गुरुवार की रात्रि करीब 12 बजे गांव के ही तपेश्वर राम के लड़की के शादी में नेवता करने के बाद घर लौट रहा था. इस बीच गांव के ही चार युवकों ने जाति सूचक शब्द बोलते हुए महंगे मोबाइल फोन रखने पर गाली गलौज करने लगे.जब इसका विरोध किया तो उनलोगों मारपीट करते हुए चाकू से पेट व मुंह पर वार कर दिया. चाकू लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरौंदा जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

## मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत 43 लाभुकों के बीच चयन पत्र वितरित

**सिवान।** मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने प्रथम चरण में चयनित 43 लाभुकों के बीच चयन पत्र का वितरण किया गया. योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रारंभ होकर 2024-25 एवं 2025-26 तक चलेगी. योजना के तहत तीनों वित्तीय वर्ष में जिला के 144 लक्ष्य निर्धारित किया गया है. जिसके विरुद्ध प्रथम चरण में कुल 43 लाभुकों का चयन हुआ है. प्रथम चरण में चयनित लाभुकों को शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्री मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा चयन पत्र का वितरण किया गया. चयन पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने चयनित लाभुकों को ससमय वाहन क्रय करने का अनुरोध किया ।

## ऑटो पलटने से चालक घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के एसडीओ कोर्ट के समीप ऑटो पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल चालक को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया. घायल की पहचान जामों थाना क्षेत्र के दुलारचंद बांसफोर का पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुआ है. घटना के संबंध में घायल ने बताया कि एसडीओ कोर्ट के सामने जाने वाली गली से होकर जा रहा था. इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पलट गई. जिसमें चालक का पैर टूट गया है.गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

## ट्रेन से कटकर 30 वर्षीय महिला की मौत

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र चांप के समीप शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई. पुलिस ने उक्त महिला का शव चाप मंदिर के पास रेलवे ट्रैक के किनारे से बरामद किया. जो क्षत विक्षत स्थिति में पाया गया. महिला की शव देखने के पश्चात प्रतीत होता है कि मृत्यु ट्रेन के चपेट में आने से हुयी है. थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के मुताबिक मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है.पुलिस पहचान करने का प्रयास कर रही है. आगे के विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है ।

## अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की हुई बैठक, दिया निर्देश



**सिवान।** सदर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ सुनील कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक हुई. बैठक में गत पारित प्रस्ताव की संपुष्टि की गई, साथ ही अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई. जिसमें मुख्य रुप से खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को निष्पक्षता से लाभुकों तक पहुंचाने व इसमें अनियमितता पर रोक लगाने पर विचार विमर्श किया गया. बैठक में सदस्यों द्वारा जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा अनियमितता बरतने व कुछ लाभुकों को उनके हक का राशन नहीं देने की बात कही गई. बैठक में राजद जिलाध्यक्ष ई. विपिन कुशवाहा, सदर प्रखंड प्रमुख सहित गैस एजेंसियों के संचालक व प्रतिनिधि सहित अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण एवं निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित थे ।

# ऐसे अधिकारी जो मुख्यमंत्री तक की भी बात नहीं मानते

## उपेंद्र कुशवाहा ने केके पाठक पर कहा- तुगलकी फरमान करते हैं जारी



**सीतामढ़ी,एजेन्सी।** सीतामढ़ी के बाजोपट्टी में पहुंचे उपेंद्र कुशवाहा ने लोगो को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संस्थापक उपेंद्र कुशवाहा ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि देश मे गरीबों और महिलाओं के लिए काफी काम हुए है। दुनिया में देश का मान सम्मान बढ़ा है। अभी भी देश को उनकी जरूरत है।

वहीं, केके पाठक को लेकर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की विधानसभा में बयान एक तरफ वही शिक्षा विभाग की अधिकारी की बयान एक तरफ, एक ऐसा अधिकारी जो मुख्यमंत्री का भी बात नहीं मानते हैं और तुगलकी फरमान जारी करते हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षक को गाली देते हैं। शिक्षकों की आज साख गिरी हैं।

लेकिन आने वाले दिनों में अगर पुरानी शिक्षा होनी है तो शिक्षकों को गाली नहीं बल्कि सम्मान दीजिये। इस दौरान पत्रकारों से हुई बातचीत में पीएम मोदी की जमकर तारीफ की।

### सीतामढ़ी के लोगों से रहा विशेष लगाव

पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी को 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। लेकिन फिर भी आग्रह करने आया हूं कि चुनाव में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने के लिए जी जान से जुट जाएं। कुशवाहा ने कहा कि सीतामढ़ी के लोगों से मेरा विशेष लगाव रहा है। राजनीतिक सफर में मुझे जब भी आवश्यकता पड़ी यहां के लोगों ने बढ़ चढ़कर मेरा साथ दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सब कुछ देने का काम किया है। इसलिए आज उनका कोई मुकाबला नहीं है। कार्यक्रम से पहले उपेंद्र कुशवाहा ने प्रखंड मुख्यालय स्थित पुष्प वाटिका में जाकर कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया। मौके प्रखंड जननायक कर्पूरी ठाकुर विचार केंद्र के अध्यक्ष तेजनरायण यादव, राकेश सिंह, जवाहर यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे। वही, शहीद रामफल मंडल के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कर नवनिर्मित सीतामढ़ी मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद के नाम पर रखने की मांग की।

## बंगाल के राजभवन में मोदी-ममता की मुलाकात

### हुगली में पीएम बोले- ममता मुझे दुश्मन नंबर-1 मानती हैं, किसी ने तो संदेशखाली के आरोपी को छिपाया

**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता के राजभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुलाकात हुई। मोदी से मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने कहा- यह प्रोटोकॉल के तहत शिष्टाचार मुलाकात थी। मैं किसी भी राजनीतिक चीजों पर चर्चा नहीं की, क्योंकि यह बिल्कुल भी राजनीतिक मुलाकात नहीं है। मोदी 2 दिन के दौरे पर शुक्रवार 1 मार्च की दोपहर बंगाल पहुंचे। हुगली के आरामबाग में मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुझे दुश्मन नंबर-1 मानती हैं। आज बंगाल की जनता मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है- उनके लिए कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा हो गया।

## पटना समेत 26 जिलों में हल्की बारिश की संभावना

### 31 मार्च तक रहेगा प्री मानसून सीजन, 2-4 मार्च के बीच बारिश-वज्रपात का अलर्ट



**पटना,एजेन्सी।** बिहार से अब ठंड की विदाई हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार आज यानी 1 मार्च से 31 मार्च तक प्री मानसून रहेगा। यानी गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान 9.5 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी और किशनगंज जिला सबसे ठंडा रहा। 29.5 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर सबसे गर्म रहा।

पटना समेत 26 जिलों में 2 से 4 मार्च के बीच एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पटना, गया, नालंदा, नवादा, जहानाबाद, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, आरंगाबाद, अरवल, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज जिलों में बारिश होने की संभावना है।


**अभी हल्की ठंड का होगा एहसास :** मौसम विभाग के अनुसार बिहार में उत्तर पछुआ हवा का प्रभाव जारी है। उत्तर पूर्व बिहार में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन मौजूद है, जिसके कारण से अभी सुबह और शाम हल्की ठंड का एहसास होगा। वहीं इन दोनों सिस्टम के होने से मौसम विभाग ने 2 से 4 मार्च के बीच बारिश होने की संभावना भी जताई है।

## मैट्रिक परीक्षा के कॉपियों की जांच छह केंद्रों पर शुरू

### सभी केंद्रों पर तैनात किये गये दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

**सिवान।** जिले में बने छह केंद्रों पर शुक्रवार से मैट्रिक परीक्षा के कॉपियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम शुरू हो गया. पहले दिन अधिकतर केंद्रों पर परीक्षकों ने योगदान किया. कापियों की मूल्यांकन के लिये जिनको केंद्र बनाया गया है उसमें इस्लामियां हाई स्कूल, दाउद मेमोरियल उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल तेलहट्टा बाजार, आर्य कन्या हाई स्कूल, ब्रज किशोर हाई स्कूल श्रीनगर, जीडीके हाई स्कूल रसीदचक मठिया, राजवंशी देवी बालिका हाई स्कूल शामिल है. उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक चल रहा है. मूल्यांकन कार्य में लगाए गए सभी कर्मियों को मूल्यांकन केंद्र पर सुबह 8 बजे तक प्रवेश कर जाना अनिवार्य होगा. मूल्यांकन कार्य में शमिल कर्मियों को छोड़कर शेष सभी लोगों का प्रवेश वर्जित है. मूल्यांकन केंद्र पर प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों की उपस्थिति मूल्यांकन केंद्र निदेशक दर्ज करायेंगे ।

सभी मूल्यांकन केंद्रों में उत्तर पुस्तिकाओं के अंकों की प्रविष्टि कंप्यूटर के माध्यम से की जा रही है. प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर न्यूनतम 12 कंप्यूटर लगाए गये हैं. इनमें से 10 कंप्यूटरों में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के प्राप्तांकों की प्रविष्टि की जा रही है. वहीं दो कंप्यूटर मूल्यांकन केंद्र निदेशक के अधीन है. डीईओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा के साथ ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है, जो 10 मार्च तक चलेगा.



# एक दिवसीय विज्ञान मेला में पेट्स के विज्ञान वीरों ने अपने मॉडल्स से दर्शकों का मन मोहा



## बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोंच लाने लिए के लिए ऐसा कार्यक्रम समय-समय पर जरूरी- प्रो. यमुना प्र. यादव

**दैनिक खोज खबर, मनौर (सारण)।** अमनौर प्रखंड के पेटल्स ईटरनल टेक्नो स्कूल, जलालपुर, अपहर के प्रांगण में एक दिवसीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) यमुना प्र0 यादव, विशिष्ट अतिथि भेल्दी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य रामप्रवेश पंडित, इंजीनियर जय गोविंद तिवारी, पूर्व प्रधानाध्यापक जयराम तिवारी, अधिवक्ता सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाये गए विज्ञान के हैरत अंगेज करने वाले मॉडल्स तथा पोस्टरों को देखकर अतिथियों ने उनकी काफी सराहना की। जिसमें ग्रीन हाउस इफेक्ट, ह्यूमन ऑर्गन के वर्क्स, फायर सेफ्टी, मिसाईल तकनीक, फ्लड अलार्म, लावा, एसिड-बेस इफेक्ट्स, भूकंप सूचना प्रणाली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, क्रॉप प्रोटेक्टर, इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक क्रेन, स्मार्ट डस्टबिन, डिजिटल स्लाइड प्रेजेंटेशन आदि प्रमुख थे। आगत अतिथियों का स्वागत बच्चों ने हस्तनिर्मित बुके देकर तथा शिक्षकों ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र से किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. यमुना प्रसाद यादव ने कहा कि विज्ञान हमारे विश्वास का मूल आधार है। बच्चों में अभी से वैज्ञानिक चेतना का विकास हेतु सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय ऐसा प्रयास सराहनीय है और इसे अनवरत जारी रखना चाहिए। प्रो रामप्रवेश पंडित ने स्कूल के इन कार्यों को यहाँ के नौनिहालों को भविष्य के वैज्ञानिक बनने में मददगार बताया। पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को बताते हुए बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोंच पैदा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय, स्वागत भाषण प्राचार्य राजकुमार श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध निदेशक प्रो शिवानन्द उपाध्याय ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उप प्राचार्या जूही सिंह, आई सी टी लैब के प्रभारी चितरंजन तिवारी, विज्ञान शिक्षक तुलसी राय, के डी पंडित, दीपांकर भारद्वाज, मंतोष राय, राहुल कुमार, राकेश सिंह, हरेन्द्र राय, पी एन प्रसाद, सुपन मांझी, नीलम सिंह, गरिमा रानी, प्रियंका देवी, दृष्टि सान्वी, पिंकी राय, प्रिया सिंह, मुस्कान खातुन, पूजा सिंह, मान देवी आदि उपस्थित थे।



## सदर अस्पताल में प्रयोगशाला प्रावैद्यिकी की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर,0मुजफ्फरपुर।** जिले के जिला अस्पताल रक्तकेंद्र में पदस्थापित लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार तिवारी के सेवनिवृति उपरांत अस्पताल परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ बी एस झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार एवं प्रियरंजन कुमार के द्वारा किया गया। आयोजित समारोह को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए सेवानिवृत स्वास्थ्य कर्मी में अस्पताल के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किया गया। बताते चलें कि सुनील कुमार तिवारी वर्ष 1991 में स्वास्थ्य विभाग में बतौर लैब टेक्नीशियन के पद पर वैशाली जिले के रेफरल अस्पताल लालगंज से अपनी सेवा की शुरुआत की तो वर्ष 2007 से 2012 तक श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल मुजफ्फरपुर में सेवा देने के पश्चात आज सदर अस्पताल मुजफ्फरपुर के रक्त केंद्र से सेवानिवृत हुए। इस दौरान इनके द्वारा किए गए व्यवहार की चर्चा और प्रशंसा सभी लोगो ने की।कार्यक्रम में उपाधीक्षक डॉ एन के चौधरी, रक्तकेंद्र प्रभारी डॉ अजीत कुमार, वरीय चिकित्सक डॉ पी एन वर्मा, डॉ ज्ञानेंदु शेखर, डॉ सीके दास, डॉ नवीन कुमार, डॉ वैदेही सहित गणमान्य लोग द्वारा सेवानिवृत्त कर्मी को माला पहना कर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य चिकित्सक, सहकर्मी एवं गणमान्य लोग द्वारा कई उपहार भेंट स्वरूप दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में अस्पताल के चिकित्सक, पदाधिकारी और सहकर्मी मौजूद थे।

## मढ़ौरा में सेना के पूर्व जवान के साथ मारपीट, नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के धेनुकी स्थित एक एक्स नेवीमैन जवान के साथ शुक्रवार को कुछ लोगों के द्वारा मारपीट किया गया। इससे बाद नाराज और आक्रोशित लोगों ने मढ़ौरा- तरैया एसएच-73 को धेनुकी के पास कुछ देर के जाम कर विरोध का प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर और दोषी पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम हटवाया। तब जाकर यातायात सुचारू हुआ और गाड़ियों की आवाजाही शुरु हुई। मामले में पुलिस ने जख्मी एक्स आर्मी मैन के जवान पुरुषोत्तम कुमार के लिखित आवेदन पर दो नामजद और पांच अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि एक्स नेवी मैन पुरुषोत्तम कुमार सोशल साइट्स पर एंटी क्रप्सन ग्रूप नामक एक ग्रुप का संचालन करते हैं। इसी ग्रूप में लिखी किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। मामले में जख्मी के लिखित आवेदन पर दो नामजद और पांच




अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसी मामले में पुलिस ने भी एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि यातायात को बाधित करने को लेकर वरीय अधिकारी के निर्देश पर सड़क जाम करने के मामले में नौ पर नामजद और 25 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इधर घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना था कि एक्स नेवी मैन के साथ मारपीट की सूचना पुलिस को देने के घंटो बाद भी पुलिस नही पहुंची थी। इससे नाराज लोग सड़क पर उतरे तब जाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ससमय कार्रवाई के लिए नही पहुंची इससे लोगों में नाराजगी बढ़ी थी।

## स्वास्थ्य विभाग के भवन निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार से ग्रामीणों में रोष

**दैनिक खोज खबर, इसुआपुर(सारण)।** बनियापुर प्रखंड के भिट्ठी शहाबुद्दीन में बना रहे स्वास्थ्य विभाग के भवन निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने भवन के सामने खड़े होकर विरोध जताया.वही कार्य स्थल से ठेकेदार या ठेकेदार का कोई भी आदमी नहीं होने से उनसे कोई बात नहीं हो सकी.स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि शंभू सिंह ने बताया कि इस भवन के निर्माण में हो रही गड़बड़ी की जांच की मांग उन्होंने जिला समाहर्ता, सिविल सर्जन छपरा तथा मुख्यमंत्री बिहार सरकार से की है.लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है.जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. वही समिति सदस्य प्रतिनिधि जनक सिंह ने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे जी के ससुराल का यह गांव हैतथा उन्हीं के द्वारा इस अस्पताल के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई थी.इसके बाद भवन निर्माण का कार्य शुरू हुआ लेकिन सरकार बदल जाने के बाद भवन निर्माण में काफी भ्रष्टाचार होने लगा. वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह वार्ड सदस्य अखिलेश दुबे लोटन बाबा राजीव दुबे निशांत दुबे अखिलेश्वर दुबे रमेश सिंह कुशवाहा राजीव दुबे तूफानी बाबा दशरथ साह भानूशा शैलेश साह राजू साह इत्यादि लोगों ने बताया कि भवन के निर्माण में जो पिलर बनाया गया है वह जमीन के अंदर 15 इंच का है तथा जमीन के बाहर 20 इंच का कर दिया गया है पिलर के निर्माण में गीटी सीमेंट के साथ-साथ ईट का भी इस्तेमाल किया गया है साथ ही पिलर के सरिया को रिंग द्वारा बांधा जाता है जो नहीं बांधा गया है.साथ ही गंगा नदी के उजले रेत को बालू के रूप में प्रयोग किया गया है.छत के बीम को पिलर पर होना चाहिए लेकिन बीम को दीवार पर जोडा गया है .लोगों ने बताया कि मामूली भूकम्प को भी यह भवन सहन नही कर सकतामामूली बारिश के पानी से छत टपकने लगता है.लोगों ने बताया कि इस भवन का निर्माण बहुत ही घटिया तथा कमजोर किया जा रहा है जिससे भवन कभी भी गिर सकता है तथा दर्जनों लोगों की जिंदगी जा सकती है।



## निरंजन सिंह ने जदयू जिलाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला, लगाए गंभीर आरोप

**दैनिक खोज खबर, मांझी (सारण)।** सारण जिला जदयू के अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू द्वारा जिला महासचिव को पद एवं पार्टी से निकाले जाने से आहत निरंजन सिंह ने जिलाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने वर्ष 1998 से समता पार्टी में शामिल होकर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। तब से अबतक वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सच्चे सिपाही की तरह पार्टी हित में काम करते रहे हैं। वे दल छोड़कर कहीं नही जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर जिलाध्यक्ष द्वारा लगाया गया आरोप पूरी तरह निराधार तथा दल के संविधान के खिलाफ है। किसी भी पार्टी से निष्कासित करने से पहले कारण पृच्छा की परिपाटी रही है। जिसका पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में दो बार जिला परिषद का चुनाव लड़ चुके हैं तथा हजारों मत देकर लोगों ने उनपर भरोसा भी जताया है। जिस फोटो को आधार बनाया गया है वह उनके पंचायत के पूर्व मुखिया विजय सिंह के दरवाजे का है। जहां अन्य दल के नेताओं के साथ वे भी श्री सिंह के बुलावे पर यहां भोज में शामिल होने गए थे। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वे इस मामले को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा सीएम नीतीश कुमार से मिलकर उनके समक्ष रखेंगे। उन्होंने जिलाध्यक्ष पर कथित तौर पर अपने परिवार की जेबी पार्टी बनाने जैसे कई संगीन आरोप भी लगाया। इस मौके पर रणजीत सिंह, विश्वकर्मा महतो, संदीप कुमार, नीरज साहनी, बिंदु पाण्डेय, सत्येन्द्र भगत, शिव कुमार राम, रामाज्ञा सिंह, कुंदन सिंह, विकास सिंह, शिव कुमार राम समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।



## कलश व शोभा यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ शुरू

**दैनिक खोज खबर, एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार के एकमा गांव में स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में शुक्रवार को कलश व शोभायात्रा के बीच वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। बैंड-बाजे के साथ कलश व शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालु ठाकुर बाड़ी स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से चलकर एकमा बाजार का परिभ्रमण करते हुए पांडेय छपरा गांव के प्राचीन सरोवर पहुंचे। जहां कलश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना में जल भरकर पुनः राम जानकी मंदिर परिसर में पहुंच कर जलाभिषेक किया। यज्ञाचार्य पंडित रंजन द्विवेदी ने बताया कि मानव कल्याण के लिए इस दौरान विभिन्न तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। इस दौरान विजय सिंह, जितेन्द्र सिंह, व्यास मांझी, कृष्ण मोहन गुप्त, गीता देवी, आरती देवी, संगीता, माया, सुनीता देवी, अनन्त गुप्त, राकेश कुमार, राहुल कुमार, रेखा, ममता, संजय कुमार समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महायज्ञ शुरू होते ही एकमा समेत आसपास का पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

# 5 मार्च को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण छपरा में लाभार्थी सम्मेलन में होंगी सम्मिलित

## सारण की 220 बैंको की शाखाओं से 1100 करोड़ रुपया लाभार्थियों के बीच बंटा : राजीव प्रताप रुडी

**दैनिक खोज खबर, अमनौर/छपरा।** वित्त मंत्री बनने के बाद निर्मला सीतारमण 6 साल में पहली बार बिहार आ रही है और छपरा के जयप्रकाश विश्वविद्यालय में लाभार्थी सम्मेलन में सम्मिलित होंगी। छपरा में 5 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संदर्भ में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने उक्त बातें कहते हुए आगे बताया कि इस कार्यक्रम में एमव्री.राव, प्रबंध निदेशक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाजी केव्री, अध्यक्ष, नाबार्ड और दिनेश खारा, अध्यक्ष, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भी शामिल होने के लिए छपरा आ रहे है। सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के आगमन के पूर्व ही सारण जिला में पिछले दो महीने में विभिन्न बैंकों की 220 शाखाओं से छपरा में लगभग 1100 करोड़ रुपया लाभार्थियों के बीच में बांटा गया है। सांसद रुडी ने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का पांच तारीख को छपरा में बेनिफिशरी आउटरीच प्रोग्राम है। इस कार्यक्रम में निर्मला सीतारमण के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद द्य जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के साथ अन्य सांसद भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी



सम्मिलित होंगे। सभी बैंकरों और सभी वित्तीय संस्थाओं से जुड़े राज्य सरकार और भारत सरकार के लोगों के साथ इसकी समीक्षा बैठक शुक्रवार को अमनौर में संपन्न हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी ने कहा कि यह एक बड़ा आयोजन है जिससे विकास को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि सारण जिला में आज की तारीख में 32,000 करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर का काम चल रहा है। दो और छः तारीख को प्रधानमंत्री कुछ परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

## रेफरल अस्पताल में डॉक्टर से बदतमीजी, बाहर देख लेने का दिया धमकी

**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय रेफरल अस्पताल में इमर्जेंसी ड्युटी पर उपस्थित एक चिकित्सक के साथ उलझ कर एक युवक ने जमकर हंगामा किया। पहले तो चिकित्सक ने युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवक के लगातार उग्रता दिखाने पर चिकित्सक ने डीएसपी सहित स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी। घटना को लेकर ड्युटी पर प्रतिनियुक्त चिकित्सक डा.वीरेश कुमार ने बताया कि वे चिकित्सक कक्ष में थे, तभी एक युवक पहुंचा और एक पेपर पर हस्ताक्षर और मोहर लगाने की बात कहने लगा। जब उन्होने पूछा कि किस चीज का पेपर है तो बताया कि एक व्यक्ति का फिटनेस पेपर है। यह दबाव देने लगा कि आप अपना हस्ताक्षर और मुहर लगा दिजीए, बाकी का कॉलम मै खूद से भर लूंगा। तब चिकित्सक ने फिटनेस बनाने वाले व्यक्ति को बुलाने की बात कही तो यह बताया गया कि जिसका फिटनेस बनवाना है वह पटना में भर्ती है। इस पर चिकित्सक डा. वीरेश कुमार ने पेपर पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर युवक भड़क गया और चिकित्सक को भला बुरा बोलने लगा।? युवक ने चिकित्सक को बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी भी दी। तब चिकित्सक ने डीएसपी नरेश पासवान को फोन कर पुरे मामले की जानकारी दी और सुरक्षा की मांग की।

## माइक्रोफाइनेंस कर्मी को चाकू मारकर लूटा 1.18 लाख

**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा(सारण)।** गौरा के नरहरपुर में एक माइक्रोफाइनेंस कर्मी को चाकू मारकर अपराधियों ने 1.18 काख रुपयें लूट लिए। जख्मी माइक्रोफाइनेंस कर्मी जुमन छपरा, सिवान निवासी सुग्रीव यादव का 24 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मिडलैंड्स माइक्रोफाइनेंस मढ़ौरा का कर्मी संदीप कुमार पिरौटा, बनियापुर की तरफ से नरहरपुर होते हुए बाइक से मढ़ौरा कार्यालय लौट रहा था। माइक्रोफाइनेंस कर्मी पिरौटा से जैसे ही नरहरपुर पहुंचा उसे एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने घेर लिया। तीनों ने उसे कब्जे में लेकर जबरन उसके पास से रुपये वाला बैग छीन लिए। जाते समय अपराधी उसके दोनों हाथ के बाजू में चाकू मारकर फरार हो गए।

## मंदिर न्यास कमिटी की शीघ्र होगी बैठक, कैशबुक का होगा सत्यापन

**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय शिल्हौड़ी शिलानाथ मंदिर न्यास कमिटी की गायब कैशबुक मिल गया है। कैशबुक मिलने पर कमिटी के सदस्यों ने पदेन अध्यक्ष मढ़ौरा एसडीओ के पास लेकर पहुंचे थे, लेकिन लोकसभा चुनाव पूर्व तैयारियों में व्यस्तता की कारणों से तत्काल कैश बुक का स्त्यापन नहीं हो पाया। मालूम हो कि कुछ दिन पहले मंदिर कमिटी के सदस्यों ने पुराने कैश बुक गायब हो जाने पर नए कैश बुक को लेकर पदेन अध्यक्ष मढ़ौरा एसडीओ के पास गए थे तो एसडीओ द्वारा पुराने कैश बुक लाने की हिदायत देकर नया कैश बुक लौटा दिया गया था। इसके बाद में कमिटी के सदस्यों ने खोजबीन शुरू कर दी और अब पुराने कैश बुक को ढूंढ निकाला हैं। इसको लेकर मन्दिर कमिटी के पदेन अध्यक्ष मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि कमिटी के सदस्यों की शीघ्र बैठक कर कैश बुक का सत्यापन किया जाएगा।

## प्रभुनाथ महाविद्यालय परसा में नकल करते तीन परीक्षार्थी निष्कासित

**दैनिक खोज खबर परसा(सारण)।** परीक्षा केंद्र प्रभुनाथ महाविद्यालय परसा में स्नातक प्रथम खंड सत्र 2022-25 के परीक्षा में इतिहास विषय के द्वितीय पाली में नकल करते हुए एच आर महाविद्यालय अमनौर एवं वाई एन कॉलेज दिघवारा के तीन परीक्षार्थियों को जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के उड़न दास्तां टीम के डॉ सुधीर कुमार सिंह एवं डॉ रविन्द्र सिंह के द्वारा नकल करते हुए निष्कासित किया गया।परीक्षा में डॉ मनोज कुमार, डॉ सौरभ भट्टाचार्या, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ शमीम, डॉ संजय कुमार राय, डॉ इंदु कुमारी, उषा कुमारी, डॉ अजय कुमार, पंकज कुमार, दिलीप चंद्रा, मनिषा कुमारी, चंदन प्रकाश, पी एन मिश्रा समेत अन्य प्राध्यापक भी थे।

## अनियंत्रित बाइक की ठोकर से बाइक सवार युवक एवं युवती जख्मी

**दैनिक खोज खबर मढ़ौरा(सारण)।** छपरा-मढ़ौरा मुख्य रोड पर बिजली आफिस कार्यालय के आगे पेट्रोल पंप के पास एक बाइक को पीछे से अनियंत्रित बाइक सवार ने ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाइक चालक और सवार एक किशोरी जख्मी हो गई। जख्मी को आनन फानन में रेफरल अस्पताल मढ़ौरा लाया गया जहां उनका इकाज किया गया है। जख्मी युवक मढ़ौरा तेजपुरवां निवासी मोहन साह का पुत्र 25 वर्षीय सुग्रीव कुमार और किशोरी अमनौर लखना निवासी मदन साह की 14 वर्षीय पुत्री प्रिति कुमारी बताई गई है। घटना को लेकर सुग्रीव कुमार ने बयाया कि वह किशोरी को लेकर लखना से अपने गांव तेजपुरवां आ रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास पीछे से एक अनियंत्रित बाइक जिस पर तीन लोग सवार थे उसे धक्का मार दिया। इससे वह खूद और किशोरी दोनों सड़क पर गिर कर जख्मी हो गए।

## नहीं रहे सामाजिक कार्यकर्ता तथा राजद नेता गोला मियां

**दैनिक खोज खबर, इसुआपुर(सारण)** प्रखंड के बरीय राजद नेता तथा सामाजिक कार्यकर्ता 60 वर्षीय गोला मियां की बृहस्पतिवार की देर रात मृत्यु हो गयी। गोला मियां राष्ट्रीय जनता दल के इसुआपुर के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं । साथ ही रेलवे परामर्श समिति के सदस्य भी रह चुके हैं । उनके निधन की खबर होते ही उनके इसुआपुर स्थित आवास पर लोगों का हुजूम उमर पड़ा। उनके अंतिम दर्शन को लोग व्याकुल दिखे।उनके निधन पर तरैया विधायक जनक सिंह पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय सारण बिकास मंच के संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह वायपीएल संयोजक युवराज सुधीर सिंह महाराजगंज लोकसभा के भावी राजद प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव जिला पार्षद सदस्य छविनाथ सिंह मुखिया अजमल रहमानी, धनंजय पांडे,अजय राय, राजीव रंजन सिंह उर्फ गुनु सिंह मुखिया प्रतिनिधि अजय साह, राजद नेता सह मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश राय पूर्व मुखिया राजकिशोर सिंह अरविंद चौरसिया, मनोज राय, सुनील चौरसिया पैक्स अध्यक्ष सह जिला राजद उपाध्यक्ष राजेश राय राजद के वरिष्ठ नेता सह सदस्य राज्यपरिषद राजद चंदेश्वर राय डॉ प्रतीक सिंह पूर्व फौजी मोहम्मद वारिस स्थानीय व्यवसाई अमरनाथ प्रसाद ,मेराज अहमद ,ललन साह,अरशद रहमानी, ढोलन सिंह आदि ने शोक सम्पत परिवार को संवेदाना प्रकट की।

## सड़क दुर्घटना में इसुआपुर की युवक की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर, इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इसुआपुर गांव निवासी लक्ष्मी साह के 24 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार साह की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वे गुरुवार की रात लगभग 9 बजे पेट्रोल लेने पंप पर जा रहे थे। इसी दौरान छपरा की तरफ से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। वहीं उनके साथ बाइक पर बैठे मढ़ौड़ा थाना क्षेत्र के शिल्हौरी गांव निवासी छोटू कुमार भी जख्मी हो गए। दोनों का सीएचसी इसुआपुर में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। जहां से गंभीर स्थिति में दोनों को पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन दोनों को इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह सूरज कुमार साह की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल युवक छोटू कुमार की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। परिजनों का रो-रो कर के हाल बुरा है। वही गांव में मातम छाया हुआ है।

## हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** जिले के रसूलपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के असहनी गांव में छापेमारी कर एक अर्से से हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपित दिलीप सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। बताया जाता है कि फरार आरोपित दिलीप सोनी की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण छपरा व्यवहार न्यायालय में मामला लंबित चल रहा था। पुलिस ने उम्मीद जतायी है कि फरार आरोपित की गिरफ्तारी हो जाने से मामले के निष्पादन में तेजी आयेगी।

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू पर हस्ताक्षर




**छपरा ( दैनिक खोज खबर )।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.परमेन्द्र कुमार बाजपेई और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शंकर कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद अब जहां जयप्रकाश विश्वविद्यालय और इसके क्षेत्रान्तर्गत महाविद्यालयों में आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में संचालित कोर्सेज की पढ़ाई हो सकेगी। वहीं, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रा भी जयप्रकाश विश्वविद्यालय में संचालित कोर्सेज की अपने यहां पढ़ाई कर सकेंगे। एमओयू के अनुसार शार्ट टर्म कोर्सेज, सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा रिसर्च आदि में भी दोनों विश्वविद्यालय आपस मे सहयोग करेंगे। इसके लिए फैकल्टी का आदान-प्रदान भी किया जाएगा। एमओयू ड्राफ्टिंग कमिटी के कन्वेनर जयप्रकाश विश्वविद्यालय भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो महेंद्र सिंह,सदस्य रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो रविंद्र सिंह और डॉ शची मिश्रा मौजूद थे । जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। नैनो टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नालोजी,नैनो साइंस,बायो इनफारमेटिक्स,बायो केमेस्ट्री,जियो फिजिक्स,एस्ट्रो फिजिक्स आदि बड़े कोर्सेज जयप्रकाश विश्विद्यालय में अब यथाशीघ्र लागू हो जायेंगे और इससे जयप्रकाश विश्विद्यालय के क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी छात्रों को इससे बहुत लाभ होगा। सीसीडीसी प्रो हरिश्चंद, प्रॉक्टर प्रो विश्वामित्र पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसे जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताई है। सीसीडीसी प्रो हरिश्चंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के 32 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब इतने अहम एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा होगी।

## विद्युत चोरी करने के आरोप में 4 उपभोक्ताओं के खिलाफ सोनपुर थाने में एफआईआर

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर ।** विद्युत विभाग के एसडीओ के निर्देश पर विद्युत विभाग कर्मी ने सबलपुर व जहांगीरपुर में छापामारी कर विद्युत चोरी करते हुए 4 उपभोक्ताओं पकड़ा ।4 उपभोक्ताओं के खिलाफ सोनपुर थाने में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई है। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सबलपुर हस्ती टोला में 3 जबकि जहांगीरपुर में 1 कुल 4 उपभोक्ताओं ने मैन सर्विस वायर में मीटर से पहले तार को टाइपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर चोरी से विद्युत ऊर्जा का उपयोग अवैध तरीके से कर रहा था । इससे विभाग को राजस्व की क्षति हुई है। जहां छापामारी के दौरान 4 उपभोक्ता विद्युत चोरी करते पकड़े गए। इनके ऊपर विद्युत बकाया राशि रखने के बाद चोरी से विद्युत का उपयोग कर रहे थे । इनके खिलाफ सोनपुर थाने में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई है ।उन्होंने कहा कि सबलपुर हस्ती टोला के इंद्रजीत राय पिता स्वर्गीय जगदीश राय के यहां 10606 /- रुपये की बकाया राशि था जिसने चोरी से विधुत जलाने के कारण 11882/- रुपया की क्षति विभाग को हुई है इनके ऊपर कुल 22488/- रुपया की क्षतिपूर्ति की वसूली करनी है। सबलपुर हस्ती टोला के ललन राय पिता स्वर्गीय सूरज राय के यहां 30750 /- बकाया राशि था जहां चोरी से विधुत जलते हुए 7905 /-रुपए की क्षति विभाग को हुई है इनके ऊपर 38655 /-रुपया की क्षतिपूर्ति की वसूली की जाएगी। सबलपुर हस्ती टोला के वीरेंद्र राय पिता मैंजी लाल राय के यहां 37874 /-बकाया था चोरी से विद्युत जलाने के कारण 16542 /- रुपया कुल 54388/- रुपए की वसूली की जाएगी।

## मशरक में अनियंत्रित टोटो गड्ढे में पलटी, तीन महिलाए घायल

**दैनिक खोज खबर, मशरक ( सारण )।** मशरक के महादेवा ब्रह्म स्थान के पास अनियंत्रित टो टो के गढ़े में पलटने से तीन महिलाएं घायल हो गई। आनन-फानन में घायल महिलाओं को ग्रामीणों ने मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और इसकी सूचना परिजनों को दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि मशरक बाजार से बाजार कर बंगरा अपने मायके जा रही थी इसी क्रम में अनियंत्रित होकर टोटो गड्ढे मे पलट गया। घायलों की पहचान सीवान जिले के आंदर थाना क्षेत्र के सुगन भगत की 35 वर्षीय पत्नी रिंकी कुमारी, मशरक थाना क्षेत्र के बंगरागढ़ निवासी मोहित कुमार की 26 वर्षीय पत्नी ज्योति देवी तथा पानापुर थाना क्षेत्र के लगुनी गाँव निवासी सुरेन्द्र राम की 45 वर्षीय पत्नी सोना देवी के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़कों पर अनियंत्रित ऑटो और टोटो से प्रतिदिन सड़क दुघर्टना हो रहीं हैं। वहीं पुलिस प्रतिदिन चौंक चौराहे पर बाइक चेकिंग अभियान चलाती है उस चेकिंग अभियान में इन पर भी कारवाई होनी चाहिए।

## डीसीएलआर ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**दैनिक खोज खबर, पानापुर( सारण )** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को डीसीएलआर सह तरैया विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी ने प्रखंड कार्यालय पानापुर में सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की ।उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर इन मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने की दिशा में जुट जाएं ।उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर पेयजल ,विद्युत व्यवस्था ,शौचालयों एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से संपर्क कर अविलंब दुरुस्त कराएं ।वही बैठक में उपस्थित थानाध्यक्ष से उन्होंने कहा कि प्रखंड के 94 मतदान केंद्रों को सामान्य ,संवेदनशील एवं अति संवेदनशील के रूप में वर्गीकृत कर चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के अभियान में जुट जाएं ।बैठक में बीडीओ राकेश रौशन ,सीओ महम्मद जमशेद ,थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे .

## गजब : पांच बल्ब और तीन पंखे वाले मकान का बिजली बिल दस लाख, उपभोक्ता परेशान

**दैनिक खोज खबर, मशरक ( सारण )।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पूरब टोला गांव में एक मजदूर के 5 बल्ब और 3 पंखे वाले मकान का बिजली बिल 10 लाख आया है। जिससे बिजली उपभोक्ता परेशान हैं। उसने बताया कि वह क्या करें पता नहीं चल रहा है। आक्रोशित परिजनों ने बिजली विभाग के प्रति आक्रोश जाहिर किया। उपभोक्ता पूरब टोला गांव निवासी मखनी देवी पति राजकुमार कहार हैं। परिजनों ने बताया कि परिवार का भरण पोषण मजदूरी कर चलता है घर में 5 बल्ब और 3 पंखे छोड़कर कुछ भी नहीं है वहीं मकान में 2 कमरे ही हैं। परिवार वालों ने बताया कि यदि वे अपनी सारी जमा पूंजी जोड़ ले तो कुछ हजार रुपए ही होंगे, बिजली बिल 10 लाख आ गया है। परिजनों ने बताया कि शिकायत के लिए वे कहां जाए पता ही नही? चल पा रहा है ।उन्होंने बताया कि वे बेहद ही गरीब हैं। जब मामले के संदर्भ में बिजली विभाग के कंनीय अभियंता से सम्पर्क किया गया पर उन्होंने मोबाइल फोन उठाया ही नहीं।

## मशरक नगर और 15 पंचायतों में तीन दिन जमाबंदी के लिए लगेंगे शिविर, सीओ ने दी जानकारी

**दैनिक खोज खबर, मशरक ( सारण )।** मशरक नगर और 15 पंचायतों में जमाबंदी के लिए तीन दिन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी सीओ मशरक सुमंत कुमार ने राजस्व कर्मचारियों की बैठक के बाद मीडिया को बताया। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में भूमी की जमाबंदी कायम होने के बाद ही रजिस्ट्री हो सकेंगी। भूमी के विक्रेता या दान कर्ता के नाम से जमाबंदी कायम होने की स्थिति में संबंधित भूमी या संपति का निबंधन किया जाएगा। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि राजस्व एवं भूमी सुधार विभाग के आदेशानुसार मशरक नगर पंचायत और 15 पंचायतों में मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को पंचायत भवन, ग्राम कचहरी एवं सामुदायिक भवन पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां अंचल के राजस्व कर्मचारी तैनात रहेंगे। जहां स्वघोषित वंशावली के साथ बंटवारा आवेदन देकर भी दाखिला खारिज कराया जा सकता है। पूर्व से सृजित जमाबंदी में छूटे हुए खाता, खसरा, रकबा एवं लगान को अपडेट कराया जा सकता है।

## पुलिस ने एक अवैध बालू लदे डीसीएम को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने अवैध बालू लदे एक डीसीएम ट्रक को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए नयागांव थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि थाना क्षेत्र के सितलपुर की ओर से आ रही डुमरी बुजुर्ग गोला के पास से एक डीसीएम ट्रक अवैध बालू लदे ट्रक हाजीपुर की ओर जा रहा था जहां मौके पर ट्रक को जप्त कर लिया एवं एक चालक को गिरफ्तार कर छपरा जेल शुक्रवार को भेज दिया है। गिरफ्तार ट्रक चालक उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के शंभू राजभर के पुत्र सत्येंद्र राजभर है।

## नयागांव बाजार में एक मोबाइल दुकान में हुई चोरी

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** नयागांव बाजार स्थित राहुल कम्युनिकेशन मोबाइल दुकान में चोरी होने से दुकानदार प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने नयागांव थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिक की शुक्रवार को दर्ज कराई है ।इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि नयागांव बाजार स्थित राहुल कम्युनिकेशन मोबाइल दुकान में गुरुवार के रात चोर ने दुकान के किबाड़ में लगे बल्ले को काटकर दुकान में रखे मोबाइल के सामान एवं नगद ?15000 अज्ञात चोरों ने चुराकर फरार हो गया है ।पीड़ित के आवेदन में लिखा गया मोबाइल के समान है । जहां चोरों की काली करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस आवेदन के आलोक में घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## अपहृत युवती बरामद, एक युवक गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहित युवती के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में युवती के परिजनों द्वारा जनवरी 24 में केस दर्ज कराई गई थी। उक्त युवती को छपमारी कर युवती को बरामद करते हुए उसके बयान के बाद उसके परिजन को सौंप दिया गया ।इस कंाड में छपरा नगर क्षेत्र के विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसे जेल भेज दिया गया।

## पहलेजाघाट थाना के एसआई अरुण कुमार के सेवानिवृत्ति पर थाना से दी गई भावभीनी विदाई

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** पहलेजाघाट थाना में पदस्थापित एसआई अरुण कुमार के सेवानिवृत होने पर थाना से थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने उन्हें अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर उन्हें भवविनि विदायी दी ।इस मौके पर थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उनके कार्य प्रणाली काफी सराहनी रहा ।इन्होंने अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी के साथ स-समय से करते रहे। सभी कर्मियों एवं आम जनता के बीच सामंजस बैठा कर वे कार्य का निर्वहन करते रहे ।

## भरपुरा पहलेजाघाट जंक्शन के नाम से टिकट मिलते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

### 1 मार्च 2024 से भरपुरा पहलेजा घाट स्टेशन के नाम से टिकट मिलना हुआ शुरू

**दैनिक खोज खबर,सोनपुर ।** सोनपुर रेल मंडल के सोनपुर -- पाटलिपुत्रा रेलखंड के भरपुरा पहलेजाघाट जंक्शन के नाम से टिकट 1 मार्च 2024 से टिकट काटना शुरू हो गया। इस खुशी व उमंग में शुक्रवार को भरपुरा ग्रामवासियों के साथ क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने स्टेशन पर पहुंचकर एक -दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए एक- दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि भरपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय वीरेंद्र प्रसाद वर्मा के साथ भरपुरा वासियो के सपना साकार हुआ। जिनके प्रयास से इस स्टेशन का नाम भरपुरा स्टेशन रखा गया। 3 फरबरी 2016 में इस स्टेशन का नाम पहलेजाघाट जंक्शन था । अब इस स्टेशन का नामांकरण व टिकट भरपुरा पहलेजाघाट जंक्शन के नाम से टिकट मिलना शुरू हो गया। भरपुरा नाम जोड़ने के लेकर जन आंदोलन ,रेल चक्का जाम व रेलवे विभाग के अधिकारियों ,बिहार सरकार सहित रेल मंत्री तक के माँग पत्र सौपते हुए मांग की गई थी।8 वर्षों तक लंबी लड़ाई व विभागीय अधिकारीयो से मांग करते-करते शुक्रवार के सपना लोगों की सकार की । इस सपना को पूरा करने में सारण सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी, एमएलसी महाचंद्र प्रसाद सिंह सहित रेलवे विभाग के अधिकारियों व रेल मंत्री को ग्रामीणों ने खुशी का जशन मनाते हुए धन्यवाद दिया । इस मौके पर समाजसेवी सत्येंद्र सिंह ,पत्रकार संजीत कुमार ,गोविंद बल्लभ, समाजसेवी संजय सिंह ,समिति प्रतिनिधि डॉ रंजीत कुमार सिंह ,टुनटुन सिंह, श्यामू ,सोनू सिंह ,अर्जुन कुमार, शुभम ,रितेश,विनय सिंह,सुनील सिंह,नंदन सिंह,पप्पू सिंह, आयुष ,रणविजय,मटरू सिंह,संजय कुमार, सहित समस्त भरपुर ग्रामवासी एवं स्टेशन पर कार्यरत स्टेशन मास्टर नृपेंद्र कुमार, सहायक स्टेशन मास्टर शत्रुघन कुमार, नवरत्न कुमार वाइट मैन ,सिग्नल मैन रणधीर प्रसाद, स्टेशन परिसर में खान पान के सामग्री बेचने वाले मजदूर व क्षेत्र के सैकड़ो लोग मिठाई खाकर खुशी का जश्न मनाया ।

## चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर हरिशंकर चौधरी की सेवानिवृत्त पर दी गई भावभीनी

### मरीज के दिल में बसते हैं भगवान, मरीजों की सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं-डॉ हरिशंकर चौधरी



**दैनिक खोज खबर, सोनपुर ।** सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित अस्पताल प्रभारी डॉक्टर हरिशंकर चौधरी की सेवानिवृत्त होने पर कर्मियों ने उन्हें अस्पताल परिसर में सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किए । जिसमें कर्मियों ने डॉ चौधरी के अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर भावभीनी विदाई गुरुवार शाम को दी । इस मौके पर अस्पताल के डॉक्टर व कर्मियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉक्टर चौधरी अस्पताल में 17 वर्ष के कार्यकाल के दौरान इनकी कार्य प्रणाली के जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम है इनके कार्यप्रणाली काफी सराहनीय रहा । डॉक्टर ने कहा कि डॉक्टर हरिशंकर चौधरी 7 अप्रैल 2007 से लगातार अनुमंडलीय अस्पताल में रहकर बड़ी ही कर्तव्य निष्ठा ईमानदारी पूर्वक कार्य को निर्वाहन किया। इसके पूर्व दिघवारा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 2004 से 6 अप्रैल 2007 तक रहे इसके पहले वह रोहतास जिले के नसीरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रहे । उनकी प्रथम पोस्टिंग बक्सर जिले की सिंगारी प्रखंड में 1990 में हुई थी जो अक्टूबर 2000 तक कार्य किये। इस मौके पर विनोद सिंह सम्राट आशुतोष कुमार ,लाल बाबू कुशवाहा, राम विनोद सिंह रामबालक सिंह सहित क्षेत्र के गण्यमान्य लोग एवं नयागांव शाहपुर गोविंद चौक सबलपुर सीएचसी के कर्मी मौजूद रहे।



## मशरक के स्थांतरित सीओ का विदाई व नये सीओ के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर, मशरक ( सारण )।** मशरक के स्थांतरित सीओ राहुल कुमार के विदाई और नये सीओ सुमंत कुमार के सम्मान में सम्मान समारोह चन्देश्वर मोड़ पर रिषभ रेस्टोरेंट के परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान नये सीओ सुमंत कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया गया वहीं स्थांतरित सीओ राहुल कुमार को अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। मौके पर रिषभ रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर राजीव पाठक, मां मार्ट के प्रोपराइटर सुनील सिंह,बड़ा बाबू मनोज कुमार, आशुतोष कुमार,लिपिक रवि कुमार, प्रवीण कुमार,राजस्व कर्मचारी नवीन कुमार ,कुवर जी, संतोष कुमार, अविनाश कुमार,अनूप कुमार, चालक विजय कुमार पासवान, योगेन्द्र राय समेत समस्त अंचल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता बीडीओ मो आसिफ और मंच संचालन मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह ने किया। मौजूद वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि सीओ राहुल कुमार के कुशल व्यवहार को कभी भुलाया नहीं जा सकता, इनका कार्यकाल अंचल में सराहनीय रहा है व हमेशा लोगों के हित में बढ़चढ़कर इन्होंने हर समस्याओं के निदान को तत्पर रहें हैं। नम आंखों से सीओ राहुल कुमार ने अपने सम्बोधन में सबों का धन्यवाद ज्ञापन करते कहा कि मैं जहां भी रहूंगा मशरक प्रखंड वासियों द्वारा मिला स्नेह व प्यार को कभी भूल नहीं पाउंगा।



## शबरी मगन है राम भजन मेंपर झूमे श्रोता

**दैनिक खोज खबर, भेल्दी( सारण )।** गड़खा प्रखण्ड के एम पी पब्लिक स्कूल श्रीपाल बसंत का दूसरा वार्षिकोत्सव काफी उत्सवी माहौल में संपन्न हो गया ।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन गड़खा के पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी,गड़खा की सीओ नीली यादव,भाजपा नेता धनंजय सिंह,जिप प्रतिनिधि अजय मांझी,पत्रकार राजेश उपाध्याय,रविन्द्र सिंह,डा सत्यप्रकाश सिंह,शशिभूषण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीटा काटकर किया ।स्कूल के निदेशक पंकज कुमार सिंह व निरंजन कुमार सिंह ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गड़खा के पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी ने कहा कि बिहार शिक्षा के क्षेत्र में काफी तरक्की कर रहा है ।अभिभावकों के कंधे पर इस विद्यालय का विकास संभव है ।शिक्षक समाज के विकास के नींव होते हैं ।उन्होंने कहा कि बच्चे जब आगे बढेंगे तो विद्यालय व गांव का नाम रोशन होगा।

सीओ नीली यादव ने कहा कि मैने भी स्कूल लाइफ में कई कार्यक्रमो में भाग काफी इन्ज्वाव किया ।मेरे मम्मी पापा ने अच्छे कामों के लिए प्रोत्साहित करते रहे ।बच्चे हर क्षेत्र में अच्छे कर सकते हैं ।बशर्ते उन्हे हर क्षेत्र में मौका मिले तब ।गोरखनाथ नाथ ओझा ने कहा कि सरकारी स्कूलों से लोगों की मानसिक चेतना खत्म हो रही है ।20 हजार बच्चियों का पार्ट वन में नामांकन नहीं हो पाया है ।बसंत गांव एजुकेशनल हव के तरफ तेजी से बढ़ रहा है ।उन्होंने कहा कि स्कूल में अंग्रेजी मीडियम के साथ-साथ भोजपुरी मीडियम भी होनी चाहिए ।महिला सशक्तीकरण में भी हम आगे बढ़ रहे हैं ।पत्रकार राजेश उपाध्याय ने कहा कि मानव के चतुर्दिक विकास के लिए शिक्षा काफी महत्वपूर्ण है ।शिक्षा को आज सामाजिक सरोकार से जोड़ने की जरूरत है ।बच्चों को आज सांस्कारिक शिक्षा देने की आवश्यकता है ।समारोह को मुख्य रूप रविन्द्र सिंह,डाऻसत्यप्रकाश सिंह,डा जयप्रकाश सिंह,निरंजन सिंह,विश्वरंजन सिंह आदि ने संबोधित किया ।मंच संचालन जयप्रकाश सिंह ने किया।

## स्नातक परीक्षा के तीसरे दिन नकल के आरोप में 31 हुए निष्कासित

**छपरा ( दैनिक खोज खबर )।** जयप्रकाश विश्विद्यालय स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2022-2025 की परीक्षा में नकल के आरोप में 31 परीक्षार्थियों को निष्कासित गया। शुक्रवार को परीक्षा के तीसरे दिन राजेंद्र कॉलेज, गंगा सिंह कॉलेज, रामजयपाल कॉलेज तथा जगलाल चौधरी कॉलेज में चल रही



परीक्षा का विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। सभी महाविद्यालयों में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा चल रही थी। बुधवार एवं गुरुवार को विभिन्न महाविद्यालयों में कदाचार के आरोप में कई परीक्षार्थियों के निष्कासन का असर भी साफतौर पर दिख रहा था और परीक्षार्थी कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा दे रहे थे। विश्वविद्यालय के निरीक्षण दल में कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद शामिल थे। उल्लेखनीय है कि कुलपति द्वारा सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षाओं का लगातार निरीक्षण किया जाय।

# हरि अनन्त हरि कथा अनंता: जगदगुरु गुप्तेश्वर जी महाराज

### जिस घर में नित्य रामायण की कथा होती हो वह घर तीर्थरूप है

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** सोनपुर नखास स्थित आयोजित नौ दिवसीय श्री हरिहरात्मक महायज्ञ परम पूज्य रामानुजाचार्य गोविंदाचार्य आचार्य श्री गुप्तेश्वर जी महाराज के सन्निध्य में आचार्य चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी के आचार्यत्व में संपन्न हो रहा है। जहां शुक्रवार को यज्ञशाला में यजमानों के द्वारा वेदियों का पूजन उपाचार्य बृजेंद्र तिवारी, विवेक पांडेय,निलेश तिवारी,प्रभाष त्रिवेदी, कुश तिवारी, अमन शुक्ला, कुंदन पांडेय, विश्व प्रकाश त्रिपाठी, दीपक द्विवेदी, अंकुर पांडेय ने कराया। आचार्य चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी जी यज्ञशाला में यजमानों को कहा कि जिस घर में नित्य रामायण की कथा होती है, वह घर तीर्थरूप है ।हरिहरात्मक महायज्ञ के सांस्कृतिक मंच पर पधारे कथावाचक जगतगुरु गोविंदाचार्य गुप्तेश्वर जी महाराज ने राम जन्म के बेहतरीन ढंग से कथा सुनाते हुए हजारो की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओ को राम कथा के बखान करते हुए कहा कि राम का जन्म के खुशी में राजा दशरथ ने अयोध्या को बहुत सुंदर ढंग से सजाया था। महाराज राजा दशरथ सूर्यवंशी सम्राट रघु के पौत्र थे ।अपने पूर्वजों की भांति महाराज दशरथ भी सूर्य के उपासक थे । एक बार जब वह अपने कुलगुरु वशिष्ठ के साथ सूर्य उपासना कर रहे थे तो उनके हृदय की वेदना होठों पर आ गई । संतान का मुख देखने की आस में वर्षों बीत गए मगर हमारी यह अभिलाष आज भी अधूरी ही है। दशरथ ने कहा कि क्या हम नि: संतान ही इस संसार से विदा हो जाएंगे । कुल गुरु ने कहा कि ऐसी निराशा भरी बातें ना करो राजन ,ईश्वर इतना कठोर नहीं है । सूर्य देव की कृपा से तुम्हें संतान सुख आवश्यक मिलेगा । राम जन्म कथा सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ से कहा कि तुम्हें पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करवाना होगा । गुरु के आज्ञा अनुसार राजा दशरथ उसी दिन नंगे पांव चलकर श्रृंगी ऋषि के आश्रम पहुंचे । ऋषि ने तुरंत राजा दशरथ के साथ अयोध्या जाकर यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ की खबर पूरे अयोध्या में फैल गई । यज्ञ संपन्न होते ही देव पुरुष हाथों में खीर एक पात्र लेकर प्रकट हुए । वह स्वयं अग्नि देवता बोले राजन तुम्हारे मनोरथ पूरा हुआ। यह भी कहा कि तुम इस खीर के उचित भाग करके अपनी रानियां को खिला देना। राजा दशरथ ने अग्नि देव की आज्ञा का पालन किया और विधि अनुसार उचित समय पर राजा दशरथ के घर संतान का आगमन हुआ । महाराज जी ने कथा सुनाते वक्त भाव विभोर होकर सभी श्रोताओं की एकाग्रचित




कर देते रहे । राम के जन्म पर उनके द्वारा बधाई गीत गाने का जो सिलसिला चला वह देखने लायक था ।8 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक की महिलाएं एवं बच्चियों ने भाव विभोर होकर नृत्य करते हुए बधाई गीत जो महराज जी द्वारा जो गाया जा रहा था उसका भरपूर आनंद उठायी । बाबा हरिहरनाथ के आशीर्वाद से भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया । हरि अनन्त हरि कथा अनंता कथा तो कभी अंत कर ही नहीं सकते । क्यों कि हर कल्प में रामावतार होता है,अब तक अनंत कल्प बीत चूके अनंत भगवान का अवतार हो गया । अनंत प्रकार से अनंत लोगों ने उनकी कथा की महिमा लीला गायी। इसलिए रामायण भी अनंत हो गये ।कल्प भेद से भी कथा में अंतर होता है। महराज ने कहा हम लोग हरिहर क्षेत्र के भूमि में राम जन्मोत्सव काफी हर्षोल्लास के साथ मनाये। दर्शक दीर्घा की ओर से चॉकलेट की बारिश हुई। सबों ने लूटा और श्री राम का प्रसाद के रूप में चूसा । राम जन्म पर कथा सुनने वाले की इतनी भीड़ थी कि लग रहा था हरिहर क्षेत्र की नगरी अयोध्या बन गया है । सर्वत्र राम का जय जयकार लगातार होता रहा। मंच पर उतरने के साथ कथावाचक महाराज के चरण स्पर्श के लिए महिला पुरुष का कतार लग गया ।उन्होंने तहे दिल से लोगो को आशिर्वाद दिया ।

# प्रथम चरण में 94057 छात्र छात्राओं के बीच बंटेगा एफएलएन स्टूटेंड किट

- पांच प्रखंडों में 70 फीसदी पहुंचा किट, वितरण शुरू- वर्ग कक्ष में सबसे अधिक उपस्थिति वाले बच्चों को विभाग दे रहा प्राथमिकता
- वर्ग एक से तीन के 134352 छात्र छात्राओं के बीच बांटने की है योजना

**सिवान ।** बच्चों को बुनियादी तौर पर मजबूती प्रदान करने के लिये बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा उपलब्ध कराये गये एफएलएन स्टूटेंड किट का वितरण जिला में शुरू कर दिया गया है. किट का वितरण वर्ग एक से तीन के छात्र छात्राओं के बीच किया जाना है. जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र सिंह की निगरानी व डीपीओ एसएसए अशोक कुमार पांडे की देखरेख में पांच प्रखंड यथा आंदर, गोरेयाकोठी, हसनपुरा, महाराजगंज व लकड़ी नबीगंज से किट वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है. डीपीओ अशोक कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम चरण में 94 हजार 57 छात्रों के बीच किट का वितरण किया जाना है. ईएफई प्रभारी सुरेश राम ने बताया कि किट में स्कूल बैग, स्लेट, कॉपी, पेंसिल, ड्राइंग बुक, कलर व वाटर बोतल सहित अन्य सामग्री शामिल है. ईएफई प्रभारी की माने तो वर्ग एक से तीन में नामांकित कुल एक लाख 34 हजार 352 छात्र छात्राओं के बीच किट का वितरण किया जाना है.

**डिमांड के 70 फीसदी पहुंचा किट :** जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच प्रखंड आंदर, गोरेयाकोठी, हसनपुरा, महाराजगंज व लकड़ी नबीगंज में डिमांड के 70 फीसदी किट पहुंच गया है. डीपीओ की माने तो वितरण में उन बच्चों को प्राथमिकता के तौर पर शामिल किया गया है, जिनकी उपस्थिति वर्ग कक्ष में सबसे अधिक है ।

**किट से बच्चों का आत्मबल होगा मजबूत :** डीपीओ एसएसए अशोक कुमार पांडे ने बताया कि एफएलएन स्टूटेंड किट से नौनिहालों को आत्मबल मिलेगा. उनके भीतर शिक्षा ग्रहण करने व स्कूल आने की ललक पैदा होगी. साथ ही निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से भी मुकाबला करने में सक्षम होंगे. उन्होंने बिहार शिक्षा परियोजना का अभिनव पहल करार दिया. शिक्षों का भी मानना है कि सह शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा. डीपीओ ने बताया कि पोशाक के साथ स्कूल बैग की कमी महसूस की जा रही थी. बिहार शिक्षा परियोजना ने इस कमी को न सिर्फ पूरा किया बल्कि साथ में और कई उपयोगी चीजें भी दी है. जिनका बच्चे बेहतर उपयोग कर सकेंगे. वहीं ईएफई प्रभारी सुरेश राम ने बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करने हेतु इसे महत्वपूर्ण टूल्स बताया है.

**क्या कहते हैं आधिकारी-**

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में एफएलएन स्टूटेंड किट का वितरण शुरू हो गया है. पांच प्रखंडों में किट पहुंच गया है. जहां नहीं पहुंचा है वहां शीघ्र पहुंचने की संभावना है. सुचारू वितरण हेतु बीइओ को निर्देशित किया गया है. जिस प्रखंड में सुचारू वितरण नहीं होगा, वहां के बीइओ जिम्मेदार होंगे.-

**राजेंद्र सिंह, डीइओ, सीवान**

# लोक सभा चुनाव में जिले के 2531 मतदान केंद्रों पर 25.37 लाख मतदाता डालेंगे वोट

- सीवान सीट के लिये 18 लाख 81 हजार 79 मतदाता करेंगे उम्मीदवार का चुनाव
- महराजगंज सीट आंशिक के लिये 6 लाख 56 हजार 286 मतदाता देंगे अपना वोट
- पिछले चुनाव से इस बार तकरीबन 35 हजार अधिक मतदाता लेंगे हिस्सा




**सिवान।** आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है. इस बीच निर्वाचन आयोग की तैयारियों के मुताबिक आगामी लोक सभा चुनाव में इस बार जिले के 2531 मतदान केंद्रों पर 25 लाख 37 हजार 365 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे.इस बार तकरीबन 35 हजार से अधिक मतदाता चुनाव में हिस्सा लेंगे.जिसमें 12 लाख 18 हजार 524 महिला मतदाता हैं. सबसे अधिक मतदाता गोरेयाकोठी व सबसे कम मतदाता रघुनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के होंगे.शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने अब तक की तैयारी की जानकारी देते हुए कहा कि 21 कोषांगों का गठन करते हुए नोडल अधिकारी नामित किये जा चुके हैं.इसके अलावा सीवान संसदीय क्षेत्र के छह विधान सभा क्षेत्रों के ईवीएम रखने के लिये सेंटर भी तय किया जा चुके हैं. जिसके तहत सीवान सदर विधान सभा क्षेत्र का वीएम उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज सीवान में, जीरादेई क्षेत्र का दरोगा प्रसाद राय इंटर कॉलेज, सीवान में, दरौली, रघुनाथपुर, दरौंदा व बड़हरिया का डीएवी कॉलेज सीवान में रखा जायेगा. उधर महाराजगंज आंशिक सीट के अंतर्गत विधान सभा क्षेत्र महराजगंज व गोरेयाकोठी के ईवीएम महाराजगंज स्थित स्वामी कर्मदेव जमुना राम उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय में ईवीएम रखे जायेंगे ।

सुचारू रूप से चुनाव संचालन को लेकर कुल 291 सेक्टर पदाधिकारी नामित किये गये हैं.इतनी ही संख्या में पुलिस पदाधिकारी भी होंगे.जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने कहा कि सर्विस वोटरों का अधिक से अधिक मदतान कराने के लिये हम प्रयासरत हैं. वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 56 प्रतिशत तथा 2019 में 54 प्रतिशत रहा था. इस प्रतिशत को बढ़ाते हुए 71 प्रतिशत के आंकड़ों को छूने की पूरी कोशिश है.इसको लेकर बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.जिसमें जीविका,आंगनबाड़ी केंद्रों के कर्मी, आंबेडकर छात्रावास के छात्रों समेत अन्य संस्थाओं की मदद ली जा रही है.पूर्व में कम मतदान होनेवाले केंद्रों को चिन्हित कर वहां जागरूकता को लेकर विशेष जोर है ।

## दयानंद आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य पर पर डॉ सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने किया योगदान

**सिवान ।** दयानंद आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सीवान के प्राचार्य पद पर प्रो. डॉ सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने योगदान कर लिया. साक्षात्कार समिति द्वारा उनकी योग्यता एवं अनुभव को देखते हुये पदासीन की अनुमति प्रदान कर दी. 29 फरवरी को प्राचार्य प्रो डॉ प्रजापति त्रिपाठी के सेवानिवृत्ति पश्चात महाविद्यालय के शासीनिकाय के अध्यक्ष डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने इनके नाम की घोषणा की थी. इधर पदभार ग्रहण करने के पश्चात महाविद्यालय एवं अस्पताल के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों तथा चिकित्सक एवं चिकित्सकेत्तर कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई. उनको बधाई देने वालों का तांता लग गया. शिक्षकों एवं महाविद्यालय तथा अस्पताल कर्मियों ने नये प्राचार्य का पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया. वहीं शासी निकाय अध्यक्ष डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह, सचिव रामानंद पांडेय, सदस्य व बड़हरिया विधायक बच्चा पांडेय, विश्व आयुर्वेद परिषद के डा शिवादित्य ठाकुर, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलानुशासक श्रीपति त्रिपाठी ने नये प्राचार्य प्रो डॉ सुधांशु शेखर त्रिपाठी को शुभकामना देते हुए आशा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय नये आयाम को प्राप्त करेगा. मौके पर प्रो. डॉ उपेंद्र पर्वत, डॉ आरके शर्मा, डॉ पुष्कर राय, डॉ दुर्गेश कुमार, डॉ सुजीत कुमार, डॉ पूजा त्रिपाठी, डॉ सरिता, हरेराम सिंह, वीरेंद्र पाठक, सुनील सिंह, प्रकाश पांडे, अरुण पांडे, संतोष मिश्रा, पंकज द्विवेदी व आलोक जायसवाल सहित अन्य ने बधाई दी है ।

## एसी स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से बच्चे की हुई मौत

**सिवान।** छपरा-भटनी रेलखंड के दरौंदा-पचरुखी रेलवे स्टेशन के बीच 22412 अरुणाचल एसी सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई. अभी बच्चे की पहचान नहीं हो सकी है. घटना के संबंध में बताया जाता है शुक्रवार की सुबह पचरुखी -दरौंदा स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या- 371/22-20 के मध्य अचानक ट्रैक पर एक बच्चा आ गया था जिसकी गाड़ी संख्या- 22412 की चपेट में आ जाने के कारण घटना स्थल पर मृत होने एवं ट्रैक के बाधित होने की सूचना पर दरौंदा रेलवे सुरक्षा बल चौकी के हेड कांस्टेबल संजय कुमार तिवारी एवं ऋषिकेश सिंह ऋषिकेश सिंह पहुंचे. तब तक उक्त बच्चे के परिजन डेडबॉडी को लेकर चले गये थे. उक्त घटना के कारण गाड़ी संख्या-15910 पचरुखी रेलवे स्टेशन पर 22 मिनट विलंबित हुई है ।

## सेराज हत्याकांड मामले में एक नामजद गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के नवलपुर ईदगाह में 27 फरवरी की देर रात भूमि विवाद में बदमाशों ने प्रापर्टी डीलर सह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टड़वा गांव निवासी आजाद खान के पुत्र सेराज खान की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में मृतक के पिता आजाद खान के फर्द बयान पर नगर थाना में चार नामजद प्राथमिकी हुई थी. पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद को गिरफ्तार कर लिया. जबकि अन्य नामजदों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.शुक्रवार को पुलिस ने शहर के कई जगहों पर छापेमारी की हालांकि अन्य फरार नामजदों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी. मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि सेराज हत्याकांड मामले में एक नामजद को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आसी नगर निवासी शेखू है जिसे जेल भेजा दिया गया. वहीं अन्य नामजदों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

## पुलिस की निष्क्रियता व मिलीभगत से दबंगों ने तोडी दुकान




**महाराजगंज/सिवान।** महाराजगंज में दबंगों द्वारा दुकान तोड़े जाने पर छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिल कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते असामाजिक तत्वों द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है. यह बहुत ही दुखद घटना है. बाहर से आकर व्यवसायी वर्ग को परेशान करने तथा जबरन जमीन को कब्जा करना और थाना प्रशासन को एक दिन पूर्व सूचना के बाद भी इस तरह की घटना होना, कही न कही पुलिस जिम्मेवार है. उन्होंने कहा कि मामला न्यायालय में था. इसलिए दोनों पक्ष को न्यायालय के फैसला आने तक इंतजार करना चाहिए था. मौके पर माले के पूर्व विधायक अमरनाथ यादव, डा. अमरेंद्र कुमार राठौर, पशुपति सिंह, अरविंद गुप्ता, हृदयानंद यादव, सुधीर सिंह, श्यामदेव राय, राजकिशोर गुप्ता, प्रेमशंकर गुप्ता, मनोज त्यागी, पवन कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे.

## डीआईजी व एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण



**सिवान।** महाराजगंज शहर के पुरानी बाजार में दबंगों ने गुरुवार की अहले सुबह तीन बुलडोजर की मदद से आधा दर्जन दुकानों को ध्वस्त किए जाने के दूसरे दिन शुक्रवार को सारण रेंज के डीआईजी विकास वैभव घटना स्थल पर पहुंचे थे. डीआईजी ने अपने स्तर से मामले का जांच पड़ताल किया. डीआईजी सबसे पहले महाराजगंज थाना पहुंच कर पीड़ित के परिजनों से बातचीत कर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया. उसके बाद उन्होंने घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की तफ्तीश किया. डीआईजी ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर मैनें मामले की जांच पड़ताल किया. इससे संबंधित जो भी रिपोर्ट होगा उसे कोर्ट में सुपूर्द कर दिया जाएगा.कार्रवाई की बात पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी जांच का विषय है. जांच चल रही है. ज्ञात हो कि पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार पांडेय की एकलपीठ ने विवादित मकान तोड़ने पर लगायी गयी रोक के बावजूद स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से मुकदमे के एक पक्षकार द्वारा जबरन एक विवादित मकान के एक हिस्से पर बुलडोजर चलवा कर तोड़े जाने पर पटना हाइकोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि वह स्वयं इस मामले की पड़ताल कर अगले 48 घंटे में कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट पेश करें. इसी निर्देश के आलोक मे सारण रेंज के डीआईजी विकास वैभव ने विवादित घटना स्थल का निरीक्षण किया. साथ ही पुलिस को कई आवश्यक निर्देश दिया. मौके सीवान एसपी अमितेश कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा आदि मौजूद थे.

# घर के बाहर रस्सी के सहारे लटकता मिला युवक का शव

- युवक की हत्या या आत्महत्या को लेकर संशय बरकरार
- पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम में भेजा

**सिवान।** लकड़ीनबीगंज ओपी क्षेत्र के खवासपुर में शुक्रवार को अहले सुबह ध्रुव महतो के बंद पड़े घर के दरवाजे पर लगे ग्रिल में रस्सी के सहारे फंदे से लटकता एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया. सूचना मिलने पर पहुंचे स्थानीय मुखिया वीरेंद्र साह ने घटना की सूचना लकड़ी नाबीगंज ओपी को दी. सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी अजीत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच जानकारी लेने में जुट गए.मृतक खवासपुर के स्व. हरेराम महतो का पुत्र पंकज कुमार (20 वर्ष) बताया जाता है. ओपी प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सीवान भेज दिया ।

युवक का शव जिस स्थिति में मिला था उससे प्रथम दृष्टया मारपीट व गला दबा कर हत्या करने के बाद गले में रस्सी का फंदा डाल शव को लटकाने की चर्चा लोग कर रहे हैं. परिजनों का कहना है कि घटना में शामिल लोग हत्या को आत्महत्या का रंग देने के लिये ऐसा किये हैं. बहरहाल युवक की हत्या कर शव को लटकाया गया या उसने आत्महत्या की, इस पर संशय बरकरार है.ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा. पुलिस हर बिंदु पर काफी गहनता से जांच कर रही है.अभी तक परिजनों का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है ।

### छह भाइयों में सबसे छोटा व सबका लाडला था पंकज

मृतक पंकज कुमार महतो छह भाइयों में सबसे छोटा व सबका लाडला था. घटना के बाद से मृतक की मां प्रभावती देवी, बड़ा भाई राजेश महतो, भोला, चंदन, रोहित, नीरज का रो-रो कर बुरा हाल है. जैसे ही शुक्रवार की दोपहर मृतक का शव खवासपुर पहुंचा की परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया. परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे लोग भी अपने आंसू नहीं रोक पाए. मृतक काफी मिलनसार व शांत स्वभाव का धनी था ।

**विपक्षी के दरवाजे से युवक का बरामद हुआ शव :** खवासपुर के युवक पंकज कुमार का शव उसके विपक्षी व गांव के ही ध्रुव महतो के दरवाजे से मिलने पर कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है. मृतक के परिजनों व ध्रुव प्रसाद के बीच विगत कई वर्षों से जमीन के विवाद को लेकर न्यायालय में मुकदमा चलता है. मृतक के परिजनों के अनुसार पड़ोसी ध्रुप महतो से चल रहे जमीन को लेकर कई बार बुरा अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई है. वहीं कुछ लोगों का कहना है कि गांव के ही एक युवक व युवती को संदिग्ध स्थिति में मृतक पंकज ने देखा और विरोध किया. हो सकता है की इसी बात पर पंकज की पीटकर व गला दबा कर हत्या करने के बाद शव को उसके विरोधी के घर के बाहर लटका दिया गया हो. बहरहाल मामला जो भी हो मृतक के परिजनों के आवेदन व पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका खुलासा होने की उम्मीद है ।

## कार्यशाला में अनुसूचित जाति व जनजाति के अधिकारों को दी गयी जानकारी

**सिवान।** शुक्रवार को अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की शुरूआत डीएम मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्ज्वलन से हुई. कार्यशाला में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण 1989 योजना के अंतर्गत 10 पीडित व आश्रितों के बीच सहायता राशि हेतु स्वीकृति पत्र, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2023 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण तीन अल्पसंख्यक छात्राओं के बीच 15-15 हजार रूपये का डमी चेक का वितरण किया गया. साथ ही जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं में से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्र-छात्राओं के बीच सात स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड एवं 10 केवाईपी प्रमाण पत्र का वितरण डीएम ने किया.

इस दौरान डीएम द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में उपस्थित छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों तथा अन्य उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी. साथ ही आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपने एवं अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु प्रोत्साहित करने की अपील किया, ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके. मौके पर डीडीसी भूपेंद्र प्रसाद यादव सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## गुठनी में मुख्य बाजार सहित चौक चौराहों पर नहीं है सार्वजनिक शौचालय, परेशानी

### मुख्य बाजार में शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने से महिलाओं को होती है दिक्कत

**सिवान।** केंद्र सरकार व राज्य सरकार भले ही विकास के इस दौर में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के प्रति खुले में शौच मुक्त बनाने को लेकर शहर से लेकर गांव में निर्मल भारत अभियान व अन्य योजना के तहत शौचालय निर्माण हेतु चलाया जा रहा है. सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है. शौचालय विहीन परिवारों के घरों में भी तेजी के साथ शौचालय बन रहे हैं. हर घर में शौचालय हो इसके लिए आम आवाम को जागरूक भी किया जा रहा है. लेकिन नगर पंचायत गुठनी स्थित प्रमुख चौक चौराहों पर आज भी सुलभ शौचालय नदारद है जिससे शौचालय विहीन चौक ओडीएफ अभियान को मुंह चिढ़ा रहा है.इधर प्रखंड के अधिकांश चौकों पर सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से बाजार आ रहे ग्रामीण अथवा अन्यत्र शहरों से गुठनी पहुंचे लोगों को विभिन्न परेशानियों के बीच गुजरना पड़ता है. खासकर महिलाओं व छात्राओं को काफी फजीहत उठानी पड़ रही है साथ ही पुरुष को यहां आने पर शौच के लिए सोचने को विवश होना पड़ता है. जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय और नगर पंचायत कार्यालय में शौचालय का निर्माण हुआ है.इसके साथ ही एक भी चलंत शौचालय का निर्माण गुठनी नगर पंचायत के किसी वार्डो में उपलब्ध नहीं है. जिसको लेकर विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों को शौचालय के लिए काफी परेशानी होती है. वहीं नगर के मुख्य मार्ग पटेल चौक, तेंनुआ चौराहा, नीमतला चौक, सेलौर चौराहा, जतौर बाजार आदि प्रमुख स्थान आज भी सुलभ शौचालय विहीन है. इसके अलावा नगर पंचायत में मूत्रालय की भी समुचित व्यवस्था नहीं है. लिहाजा लोग विभिन्न सार्वजनिक स्थलों के समीप ही यंत्र तंत्र मूत्र त्याग करते हैं. प्रखंड में क्षेत्रीय लोग सुलभ शौचालय के आज भी मोहताज हैं. इसके बावजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं. बाजार में प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना होता है कोई बस पकड़ने तो कोई बाजार करने आता है इसमें पुरुष तो किसी तरह खुले में शौच क्रिया कर लेते हैं लेकिन महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

**दो वर्ष पूर्व गुठनी को नपं का सरकार ने दिया था दर्जा :**गुठनी बाजार को नगर पंचायत बने भले ही दो वर्ष हो गए लेकिन विकास की स्थिती पूर्ववत ही दिख रहा है सही माने तो पूरे दो वर्षो में सड़कों की पक्कीकरण छोड़ के दूसरा कोइ कार्य नहीं दिख रहा है, गुठनी पूर्वी पंचायत और पश्चिमी पंचायत को मिलाकर नगर पंचायत का गठन कर दिया गया, लेकिन गांवों से बाजार तक हालात ज्यों की त्यों बना हुआ है. पूरे बाजार में एक भी स्थान पर न तो सार्वजनिक शौचालय ही बन पाया न ही मूत्रालय ही बना पाए,वही प्रखंड क्षेत्र में स्थित दर्जनों चौक चौराहों पर कहीं भी सार्वजनिक शौचालय नहीं हैं ।

## 75 हजार रूपये छिनतई के मामले में प्राथमिकी दर्ज


**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पर बीते दिन हुए 75 हजार रूपये छिनतई के मामले में पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज कराई है. थाना क्षेत्र के रामनगर तुलसी नगर निवासी राघव सिंह ने बताया कि एक दिन पूर्व बैंक से 75 हज़ार रूपया निकालकर बाइक से घर जा रहा था. इस दौरान ओवरब्रिज पर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर पैसा छीन लिया. विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे डाला. डर के कारण शोर शराबा नहीं किया. इस मामले में पीड़ित ने नगर थाना में आवेदन दिया था. थानाध्यक्ष सुदर्शन राम ने बताया कि आवेदन के बाद टीम गठित कर जांच की गई. अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है.छापेमारी की जा रही है ।

## शराब के साथ गिरफ्तार धंधेबाज को पुलिस ने भेजा जेल

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव के समीप 22 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार धंधेबाज को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया. थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी ने बताया की छापेमारी में 200 एमएल के 1365 पीस देसी शराब बरामद किया गया है. इस मामले में धंधेबाज संठी गांव निवासी सोनू सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है जिसे जेल भेज दिया गया ।

## आईएलबीएस द्वारा एएनएम स्कूल के छात्र-छात्राओं का किया गया उन्मुखीकरण

### जीवनशैली में बदलाव के कारण युवा हो रहे हैं मधुमेह, उच्च रक्तचाप और फैटी लीवर के शिकार



**दैनिक खोज खबर, गोपालगंज।** लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान स्माइल्स प्रोजेक्ट नई दिल्ली की सहायक प्राध्यापक डॉ कनिका कौशल, डॉ प्रियंका और ईश्वर की टीम द्वारा शुक्रवार को हथुआ स्थित एएनएम स्कूल के छात्र और छात्राओं का वर्चुअल उन्मुखीकरण किया गया। जिसमें बदलते जीवन शैली और दिनचर्या के कारण युवाओं के स्वास्थ्य पर हो रहे प्रभावों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर एएनएम स्कूल की ओर से प्राचार्य मधुमिता और पिरामल स्वास्थ्य के डीपीओ आनंद कश्यप सहित स्कूल की छात्र और छात्राएं जुड़ी हुई थी।

शंभू शरण चौधरी मेमोरियल सीरीज के स्माइल्स प्रोजेक्ट तहत इस कार्यक्रम में एएनएम की छात्राओं को सहायक प्राध्यापक डॉ कनिका कौशल द्वारा जागरूक करते हुए बताया गया कि आज के दौर में बदलते जीवनशैली के युवाओं पर काफी प्रभाव पड़ रहा है। जिसमें 18 से 25 आयु वर्ग के युवाओं की संख्या सबसे अधिक हैं। जिस कारण आज का युवा हर समय अपने आपको थकान कैसा महसूस कर रहा है।

एएनएम स्कूल की प्राचार्या मधुमिता ने उन्मुखीकरण के बिंदुओं के संबंध में बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को लक्षण अलग- अलग हो सकते हैं। आमतौर पर उच्च रक्तचाप वाले लोगों में लक्षण नहीं होते हैं। वहीं पीरामल स्वास्थ्य के डीपीओ आनंद कश्यप ने कहा कि युवाओं को आज डाइट चार्ट फॉलो करना चाहिए।

## नौतन में भूमि विवाद में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के किलपुर गांव में एक युवक के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। उक्त निवासी कन्हैया कुमार मिश्र ने बताया कि वे 24 फरवरी को संध्या साढ़े सात बजे आसपास शौच करने जा रहे थे। तभी गैस गोदाम के समीप स्थित पुल पर उक्त गांव के ही तीन लोग बैठे दिखाई दिए तथा पास में ही बुलेट मोटरसाइकिल खड़ी थी। तीनों ने अचानक श्री मिश्र को देखते ही घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया तो उनमें से एक ने कथित तौर पर उनके कनपटी पर कट्टा भिड़ा दिया तथा दूसरे ने चाकू निकालकर हमला करने की बात करने लगा। तीसरा व्यक्ति उन लोगों का समर्थन कर रहा था। कारण पूछने पर श्री मिश्र की बहन से रजिस्टर्ड बैनामा कराए जमीन को वापस नहीं करने की बात करते हुए तीनों बोले कि उस जमीन को भूल जाओ नहीं तो धरती से उठ जाओगे।इसको लेकर पीड़ित ने रूपनारायण मिश्रा, सत्येंद्र मिश्रा तथा दीपू कुमार यादव सहित तीन लोगों को आरोपित किया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।